## सार-समाचार

### मानवाधिकारों पर सम्मेलन का आयोजन

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। कस्बे की टोडरमल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मानवाधिकार कार्यकर्ता एडवोकेट मोतीलाल सैनी की अध्यक्षता में विश्व मानवाधिकार दिवस पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि मानव अधिकार व्यक्ति के नैसर्गिक अधिकार हैं, जो मनुष्य को जन्म से ही बिना किसी भेदभाव के समान रूप से प्राप्त होते हैं। मानवाधिकारों का मुख्य उद्देश्य एक न्यायपूर्ण व समतामूलक समाज की स्थापना को सुनिश्चित करते हुए सभी लोगों की गरिमा, स्वतंत्रता व समानता को बढ़ावा देकर, उनकी सुरक्षा करना है। मानवाधिकारों के सरंक्षण से ही एक मजबूत, सशक्त एवं समावेशी समाज का निर्माण संभव है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का आयोजन हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी है की थीम पर आयोजित हो रहा है। अशोक कुमार स्वामी ने घरेलू हिंसा को लेकर महिलाओं के बुनियादी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। सज्जन कुमार शर्मा ने कहा कि मानव अधिकार सभी को समान रूप से प्राप्त होते हैं, मानवाधिकारों के मामले में जाति, धर्म, लिंग, रंग, नस्ल व भाषा के आधार पर कोई विभेद नहीं किया जाता है। कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। एनएसएस प्रभारी श्रवण कुमार चौधरी ने मानवाधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र प्रसाद ढेनवाल ने किया। इस दौरान सज्जन कुमार शर्मा, सोमदत्त मीणा, करतार सैनी, सिकंदर मील, कासिम कुरेशी, नरेश कुमावत, प्रवीण शर्मा, विनोद ढेनवाल, विनोद कुमार बरवड़, रूबीना बानो, उम्मेश जांगिड़, राजेश सैनी व सुनील कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मोहम्मद का प्रतियोगिता में चयन

सीकर, (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के कक्षा 11 के छात्र मोहम्मद कैफ का चयन 68वीं विद्यालयी खेलकुद वॉलीबॉल नेशनल प्रतियोगिता में किया गया है। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि तेलंगाना के कोस्गी नारायण पेट में 22 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली 68वीं विद्यालयी खेलकुद वॉलीबॉल नेशनल प्रतियोगिता के लिए संस्थान के कक्षा 11 के छात्र मोहम्मद कैफ का चयन किया गया है। इससे पूर्व भी नेशनल प्रतियोगिताओं के लिए संस्थान के 48 छात्रों का चयन हो चुका है जो संस्थान के लिए बहुत की गर्व की बात है। संस्थान में गुरूकुल पद्धित आधारित शिक्षा के साथ साथ खेल जगत में अपना परचम लहराया है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सीबीएसई प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी सहित प्रबंधन सदस्यों ने छात्र व कोच को बधाई प्रेषित की।

### नामांकन शिविरों का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। बच्चों के शत-प्रतिशत आधार नामांकन किए जाने के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के झुंझुनूं ब्लॉक की ओर से 12 दिसंबर को खाजपुर नया, 19 दिसंबर को इंडाली एवं 26 दिसंबर को आजम नगर झुंझुनूं में आधार नामांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। ब्लॉक प्रोग्रामर किशोर सिंह ने बताया कि बच्चे का नया आधार कार्ड बनवाने के लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति, बच्चे के माता या पिता को अपने आधार कार्ड जिसमें मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हो के साथ स्वयं उपस्थित होना आवश्यक होगा।

### जिला कलेक्टर ने लिया जायजा

पाटन ,(निसं)। जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने बुधवार को जिला स्तर पर 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिले में 12 से 17 दिसंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें 12 तारीख को जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रमुख विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें संबंधित विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों आदि की जानकारी आमजन को प्रदान की जाएगी। जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने मौजूद अधिकारियों को प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी व्यवस्थाओं को माकूल कर आयोजन को सफल बनाने के लिए कहा। सहायक जनसंपर्क अधिकारी राकेश कुमार ढाका ने जिला कलेक्टर को प्रदर्शनी की अब तक की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों को गर्म जैकेट वितरित किए

पाटन, (निसं)। जमनालाल कनीराम बजाज फाउंडेशन सीकर के द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मीणा की नांगल( दलपतपुरा ) पाटन में विद्यार्थियों को गर्म जैकेट वितरित किए गए इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रतिनिधि डॉक्टर दिलीप यादव, प्रशांत , प्रदीप एवं सांवत राम योगी, दलपतपुरा ग्राम पंचायत सरपंच बलराम गुर्जर, संस्था प्रधान कैलाश चंद सहित समस्त अध्यापक बंधु एवं अभिभावकगण सहित गांव के गणमान्य लोग बाबूलाल,तेजपाल, कृष्ण, पूरणमल एवं अन्य की गरिमाई उपस्थिति रही।विद्यालय परिवार ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित

चूरू, (कासं.)। राजकीय विधि महाविद्यालय चूरू में बुधवार को प्राचार्य प्रो. डॉ. एसके सैनी की अध्यक्षता में नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में सेवानिर्वत प्रो. डॉ. केसी सोनी रहे। कार्यशाला के प्रारम्भ में प्राचार्य डॉ. सैनी ने नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी वहीं डॉ. सोनी ने बताया के नशा केवल मादक पदार्थों का ही नहीं जीवन में बहुत से ऐसे अनर्गल कार्य हैं जिनकी लत लग जाती है। कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के लिए प्रशिक्षित किया गया।

# गांवों में 15 दिसंबर से लगेंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर

**झुंझुनूं, ( निसं )।** जिले के गांवों में 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने जिला परिषद सभागार में शिविरों की तैयारियों का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक को सर्वोत्तम, सुलभ और गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा उपलध कराना है। डॉ. गुर्जर ने बताया कि शिविर तीन चरणों में आयोजित होंगे।

प्रथम चरण में सभी पीएचसी और सभी सीएचसी पर शिविर लगेंगे। द्वितीय चरण में सभी पंचायत समिति मुख्यालय पर सबसे बड़े चिकित्सालय में एक-एक फॉलोअप शिविरों का आयोजन होगा। तीसरे चरण में जिला अस्पतालों में एक-एक रैफरल शिविर लगेगा। सप्ताह में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को एमसीएचएन दिवस होने और शनिवार-रविवार अवकाश होने के कारण शिविरों का आयोजन नहीं होगा। प्रत्येक शिविर में दो चिकित्सकों के अलावा एक दंत रोग चिकित्सक, एक दंत तकनीशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नेत्र सहायक और आयुष चिकित्सक मौजूद



इस संबंध में बुधवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने जिला परिषद सभागार में शिविरों की तैयारियों का जायजा लिया।

रहेंगे। इनके साथ नर्सिंगकर्मी, लैब टैक्नीशियन, लैब सहायक, एलएचवी, एसटीएस, एसटीएलएस, फार्मासिस्ट, एएनएम, सीएचओ, बीपीएम भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आशा सहयोगिनियों और डोमेस्टिक ब्रीडिंग चैकर्स की सहायता भी ली जाएगी। शिविर स्थल पर 108 या अन्य एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी, ताकि समय पर उसका उपयोग किया जा सके। शिविरों में जिला अस्पताल स्तर तक की दवाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविरों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संचारी, गैर संचारी रोगों व अन्य रोगों की जांच और उपचार किया जाएगा।

इसके अलावा 30 वर्ष से अधिक आयु के शिविर में आने वाले सभी लोगों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और तीन कॉमन कैंसर जांचें होंगी। मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान इन शिविरों में की जाएगी और उनके ऑपरेशन भी कराए जाएंगे। जिसके लिए उन्हें रैफर किया जा सकेगा और जरूरत के अनुसार चश्मों का वितरण भी किया जाएगा। डॉ.

- **जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने समीक्षा बैठक कर की तैयारियों की समीक्षा**

गुर्जर ने बताया कि शिविर में टीबी मरीजों की स्पूटम फोर एएफबी जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे कराना, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल पर अपडेट करना, परिवार कल्याण के साधनों का वितरण, कुपोषित बच्चों की पहचान और उपचार, कुष्ठ रोगियों की जांच और उपचार, नियमित टीकाकरण सहित अन्य बीमारियों की जांच और उपचार किया जाएगा। बैठक में सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, डॉ. अभिषेक सिंह, डीडीडब्लू प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह, बीडीके अस्पताल पीएमओ डॉ. राजवीर सिंह राव, चिड़ावा पीएमओ डॉ. सुमनलता कटेवा, एडीसी मनोज धीर, डीपीओ सियाराम पूनियां, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा, एनसीडी के शीशपाल सैनी, सभी बीसीएमओ सहित विभाग के अधिकारियों मौजूद रहे।

### गीता जयंती पर्व मनाया

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थानीय शाखा के तत्वाधान में गायत्री प्रज्ञापीठ भुरिकुड़ी में अगाध श्रद्धा भाव के साथ गीता जयंती पर्व मनाया गया।जिसमें अल सुबह ही श्रद्धालु गायत्री प्रज्ञापीठ में पहुंचे एवं गीता जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

स्थानीय गायत्री परिवार के शाखा संचालक बजरंगलाल सोनी ने पावन गीता ग्रंथ के महत्वपूर्ण अध्यायों का वाचन करते हुए गीता ज्ञान की व्याख्या की।इस अवसर पर सर्वोदय कार्यकर्ता बद्री प्रसाद तंवर ने भी कर्म योग,भक्ति योग एवं ज्ञान योग के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा कि समस्त कर्तव्य कर्मों का पालन करने वाला आसक्ति एवं बैर भाव से रहित मनुष्य ही सच्चा भगवत भक्त है वह हर परिस्थिति को ईश्वर का उपहार समझ कर निर्भीक रहता है तथा संकट काल में विचलित नहीं होता। कर्म करना मनुष्य का धर्म कर्तव्य है वह बिना फल अभिलाषा के ही निष्काम भाव से कर्म करे।कर्म का फल तो सुनिश्चित होता ही है जैसा कर्म व्यक्ति करेगा उसके अनुसार ही उसे उसका फल प्राप्त होगा।यह कर्म का शाश्वत सिद्धांत है उन्होंने यह भी कहा कि गीता का दिव्य ज्ञान समस्त विश्व की समस्याओं का आज भी पूर्ण रूप से समाधान है। समाजसेवी मोतीलाल सैनी ने कहा कि ज्ञान योग की साधना से कर्म एवं भक्ति योग की उपस्थितथेम हो जाती है।

## उप राष्ट्रपति जगदीप का गांव बनेगा स्वच्छता का रोल मॉडल

**झुंझुनूं, ( निसं )।** देश के महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का गांव किठाना अब स्वच्छता के लिए रॉल मॉडल बनेगा। जिसकी चर्चा ना केवल झुंझुनूं या फिर राजस्थान, बल्कि पूरे देश में होगी। यह कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता का। केके गुप्ता ने किठाना गांव के पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ गांव की स्वच्छता को लेकर चर्चा की।

इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि गांव में हर घर में पशुधन है। जिनके गोबर का निस्तारण नहीं हो पाता और जगह-जगह गोबर के ढेर होने से गंदगी भी फैलती है और बीमारियां भी। जिस पर प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता ने ग्रामीणों के साथ चर्चा की और सभी घरों में एक-एक बायो गैस प्लांट लगाने का आग्रह किया। गुप्ता ने बताया कि काफी सारी संस्थाएं और कंपनियां है। जो बायो गैस प्लांट लगाती है। इन गैस प्लांट को लगाने में जितना पैसा खर्च आता है। उतने की ही हमें सब्सिडी भी मिल जाती है। एक तरह से प्लांट लगाने के लिए कोई खर्चा नहीं आता। इसलिए सभी लोग खुद भी इसे लेकर आगे आएं और दूसरे लोगों को भी जागृत करें। पहले चरण में यदि 50 लोग भी बायो गैस प्लांट लगाने की इच्छा जाहिर करते हुए सहमति देते है। तो वे इस दिशा में गांव का सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि बायो गैस प्लांट लगने से गांव में लगने वाले गोबर के ढेर खत्म हो जाएंगे। प्लांट से देश की सबसे अच्छी देशी खाद मिलेगी और महीने की कम से कम 1 हजार रूपए की गैस भी मिलेगी। जिससे रसोई का कार्य हो सकेगा। इससे पहले पंचायत भवन में पहुंचने पर बीडीओ राजेश जांगिड़, स्वच्छता मिशन की डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर सुमन चौधरी तथा सरपंच पति हरेंद्र धनखड़ आदि ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार केके गुप्ता का साफा पहनाकर स्वागत किया।

## विद्यालय में स्वेटर वितरण

**सीकर** , (निसं)। बलराम नगर सीकर हर्ष रोड दिव्य ज्योति दृष्टिहीन विद्यालय साथ ही हर्ष रोड स्थित दशरथ मनोविज्ञान विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 77 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। इन स्वेटर को संतोष देवी महावीर प्रसाद विजय कुमार अमिता देवी विकास कुमार रोहन कुमार ठोलिया के सौजन्य से उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर प्रियंक जैन निर्मला शेखावत नईम तंवर आशा शेखावत अभय सिंह बजरंग सिंह कौशिक आदि मौजूद रहे। साथ ही डॉ जितेंद्र कुमार सोनी आईएएस अधिकारी के चरण पादुका अभियान से प्रभावित होकर संतोष देवी महावीर प्रसाद के सहयोग से जिला जेल में जरूरतमंद बंदियों को 50 चप्पल का वितरण उपकारापाल निसार अहमद,चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ विकास बाजिया,प्रदीप चाहर,प्रियंक जैन आदि की मौजूदगी में वितरण किया गया।

## सीनियर वर्ग एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)।झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। स्कूल चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी तथा स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा ने खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कर स्पोर्ट्स मीट की शपथ दिलाई। दिनभर चले खेलों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

जानकारी देते हुए स्कूल स्पोर्ट्स कोच अमित कुमार ने बताया कि कक्षा 6 से 12वीं तक के लगभग 2000 विद्यार्थियों के लिए अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सीनियर स्पोर्ट्स कैप्टन उज्जवल सैनी ने मशाल को नेशनल तथा राज्य स्तर के खिलाड़ियों कि टीम के साथ घुमाकर खिलाड़ियों में जोश भरा। तो वहीं हाउस

- **सभी विजेता विद्यार्थियों को मैडल व ट्रॉफी भेंट कर किया सम्मानित**

वाइज सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों और पधारे हुए अतिथियों को मत्रंमुग्ध कर दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी ने जैसे ही स्पोर्ट्स इवेंट के शुभारंभ की घोषणा की तो सभी खिलाड़ी और विद्यार्थी खुशी से झूम उठे।

गर्ल्स टीम के द्वारा खेले गए हैंड बॉल के ओपनिंग मैच में दर्शकों की भीड़ ने हूटिंग द्वारा रोमांच भर दिया। साथ ही शूरवीर डिफेंस एकेडमी और सीबीएसई छात्रों के बीच हुए रोमांचक वॉलीबाल मैच इस स्पोर्ट्स मीट का मुख्य आकर्षण रहा। दिनभर चली खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर बालिका रेस में कक्षा नौंवीं की चेतना प्रथम, सान्वी द्वितीय, कक्षा 10वीं की अंशु प्रथम, सुहानी द्वितीय, कक्षा 11वीं की सुहानी प्रथम, खुशी द्वितीय तथा कक्षा 12वीं की आंचल प्रथम, विधि द्वितीय स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में कक्षा 11वीं की हिमानी प्रथम, तंजिल द्वितीय स्थान पर रही। जेवलिन थ्रो में कक्षा 9वीं की मिताली प्रथम और ईशिका द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा 11वीं की लावण्या प्रथम, खुशबू द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं की माही प्रथम एवं अंकिता द्वितीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं के अरिन प्रथम, मोहित द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं के अरनव प्रथम, अवशु द्वितीय स्थान पर रहे।

कक्षा 12वीं के कार्तिक प्रथम एवं तन्मय द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं छात्रा वर्ग में काजोल प्रथम तथा जयश्री द्वितीय स्थान पर रही।

## बच्चों को मोबाइल से दूर रखना एवं महिला शक्तिकरण को लेकर किया भारत भ्रमण

- **अंजना, निर्मला ने राइडर्स ने 86 दिनों में 23 हजार से अधिक किलोमीटर की ऑल इंडिया राइड की पुरी**
- **राजलदेसर पहुंचने पर ज्ञान फाउंडेशन के द्वारा किया भव्य स्वागत**

**राजलदेसर,** (निसं)। राजलदेसर कस्बे में ज्ञान फाऊंडेशन ट्रस्ट की ओर से राजकिशोरी टाउन हॉल में संस्थापिका डॉ. उषा किरण की शिष्या बीकानेर की बेटिया अंजना राठौड़,निर्मला गोदारा ने भारत भ्रमण करने के दौरान बीकानेर जाते समय राजलदेसर कस्बे में स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें दोनों महिलाओं को ज्ञान फाउंडेशन ट्रस्ट की डॉ. उषा किरण, कोषाध्यक्ष जयचंद लाल सोनी के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें दोनों महिलाओं को माला, शॉलपहनाकर व साहित्य पुस्तिका,मोमेंटो देकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर युवा विकास समिति के रतनलाल बारूपाल,विनोद भाटिया, मनोज सोनी, शिव भगवान सोनी,मदन दाधीच,रामवतार पांडे, मांगीलाल प्रजापत, ओमप्रकाश बामनिया,रौनक सोनी आदि के द्वारा उनका अभिनंदन किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। महिलाओं ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि दोनों का उद्देश्य राइडर बुलेट पर सवार होकर उनका उद्देश्य है। महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आकर अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए साथ ही महिला शक्तिकरण को लेकर उन्होंने कहा जब तक नारी घर से नहीं निकलेगी तब तक नारी शक्ति को बाहरी वातावरण का ज्ञान नहीं होगा। साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन बनाने के लिए भी नारी शक्ति के लिए प्रमुखता से बात रखी इसी प्रकार अंजना राठौड़ ने वर्तमान में छोटे बच्चों में मोबाइल देखने की जो ट्रेड चल रहा है वह आने वाले समय में बहुत ही खतरनाक है उन्होंने सभी अभिभावकों से अधिक से अधिक न्यूज़ चैनल, समाचार पत्रों के माध्यम से आग्रह किया कि बच्चों को मोबाइल में अच्छी शिक्षा ग्रहण करावे ताकि आपका बच्चा कहीं भटके नहीं। इसी उद्देश्य को लेकर हम दोनों ने पूरा भारत भ्रमण किया एवं अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित किया। ज्ञात रहे हैं कि दोनों महिलाओं ने ऑल इंडिया बुलेट राइडपूरी कर राजस्थान की पहली महिला राइटर बनने का गौरव हासिल किया। बीकानेर निवासी अंजना राठौड़ (शिक्षक, जयपुर) , जो कि प्रभु सिंह राठौड़ की पुत्री हैं, और निर्मला गोदारा (पीएनबी अधिकारी), जो कि प्रभु राम गोदारा की पुत्री हैं, ने अपनी ऑल इंडिया राइड का सफल समापन किया। यह यात्रा 17 सितंबर 2024 को बिकानेर के चंद्रा चौधरी सर्कल से शुरू हुई थी और 11 दिसंबर 2024 को वहीं समाप्त होगी।

दोनों राइडर्स ने अपनी यात्रा की शुरुआत भारत के उत्तर से की, जहां उन्होंने खारदुंगला पास (17,982 फीट, विश्व का दूसरा सबसे ऊंचा पास), सियाचिन बेस कैंप , बारा-लाचा पास (16,040 फीट), और ज़ोजिला पास (11,649 फीट) जैसे कठिन रास्तों को पार किया।

## लॉरेंस गैंग के बदमाश को किया गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं.)। बहुचर्चित सिद्धू मूसेवाला मर्डर से जुड़े और लॉरेंस गैंग के कुख्यात अपराधी अरशद खान को दूधवाखारा पुलिस ने पंजाब की तरणतारण जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

आरोपी को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया। हथियार तस्करी से जुड़े एक मामले में दूधवाखारा पुलिस ने सरदारशहर निवासी आरोपी अरशद को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। थानाधिकारी रतनलाल ने बताया कि जिले के सरदारशहर के बुकलसर गांव निवासी अरशद को पंजाब की तरनतारण जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अरशद, सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मामले में पंजाब की जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि अरशद को दूधवाखारा पुलिस थाने के 10 अक्टूबर 2024 के आर्म्स एक्ट के दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने एन 52 पर स्कॉर्पियो में सवार गांगियासर निवासी शाहरुख को गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से पुलिस ने तीन जिंदा कारतूस बरामद किए थे। शाहरुख से रिमांड अवधि में पूछताछ करने पर सामने आया कि आरोपी शाहरुख को मैसेंजर पर कुख्यात अपराधी अरशद हथियारों की तस्करी के लिए इंस्ट्रक्शन देता था। अरशद के इशारे पर ही शाहरुख ने हथियारों की तस्करी की थी। उन्होंने बताया कि पंजाब में सिद्धू मूसेवाला मर्डर के दौरान जिस कार का इस्तेमाल किया गया था। वह कार अरशद के नाम पर थी। उसी मामले में वह पंजाब की तरनतारण जेल में बंद है। कुख्यात अपराधी अरशद के तार लॉरेंस गैंग से जुड़े होने और हथियार तस्करी में भूमिका को देखते हुए उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

## सीमेंट कंपनी पर फिर से किसानों का विरोध प्रदर्शन



फैक्ट्री के गेट पर किसानों ने विरोध प्रदर्शन में आत्मदाह का प्रयास किया।

- **पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा व पुलिस प्रशासन के बीच हुई तीखी नोंकझोंक**

**नवलगढ़,** (निसं)।गोठड़ा श्री सीमेंट कंपनी के गेट के आसपास का इलाका बुधवार को एक बार फिर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। दरअसल दो दिन पहले पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने फैक्ट्री के गेट पर किसानों के पक्ष में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की थी।

जिससे बुधवार सुबह 11 बजे से सीमेंट फैक्ट्री के गेट के सामने आसपास के किसान जुटना शुरू हो गए। इन किसानों ने करीब 12 बजे फैक्ट्री के मुख्य गेट के सामने धरना व विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद करीब दोपहर 1.30 बजे राजेंद्र गुढ़ा गोठड़ा सीमेंट फैक्ट्री के गेट के सामने धरने पर पहुंचे और हाथोंहाथ ही किसानों को साथ लेकर फैक्ट्री में घुसने का प्रयास किया। लेकिन भारी पुलिस जाब्ता होने के कारण यह लोग अंदर नहीं जा सके और पुलिस के साथ तीखी नोंकझोंक हुई। इसी दौरान 2 दिन पूर्व सोमवार को एसडीएम व कलेक्टर के पास राज्यपाल के नाम इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने वाला किसान विद्याधर यादव परिवार सहित धरना स्थल के पास पहुंचा और भीड़ के पीछे खुद पर आत्मदाह के लिए तेल डाल लिया।

लेकिन भारी पुलिस जाप्ता होने के कारण विद्याधर को पकड़कर सीमेंट फैक्ट्री परिसर में ले गए। इसके बाद धरना समाप्त किया तथा 7 दिन तक जनजागरण अभियान चलाकर बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की।

# लक्ष्मण राम महला के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**चूरू,** (कासं.)। वीर तेजा भवन में जाट समाज की ओर से रैयाटुण्डा के लक्ष्मण राम महला के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान प्रो. एचआर ईसराण, सोहनलाल फगेड़िया, आदूराम न्यौल, डॉ. राहुल कस्वां, रामावतार भाम्भू, रणवीरसिंह कस्वां आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लक्ष्मण राम महला के जीवन पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि स्मृतिशेष महला एक समर्पित और श्रेष्ठ समाजसेवी थे। उन्होंने समाज के उत्थान और कुरीति निवारण के लिये जीवन भर प्रयास किए। गौरतलब है कि समाज हित के विभिन्न कार्यों का व्यवस्थित संचालन करने के लिये स्व. महला ने जाट कीर्ति संस्थान चूरू का गठन कर मंत्री पद की कमान संभाली थी। उन्होंने कई जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करवाये थे। उन्होंने जिले की सभी तहसीलों में बौद्धिक सम्मेलन आयोजित करवाये। वे कहते थे कि सामाजिक कुरीतियों का निवारण और फिजूलखर्ची रोकें बिना समाज का



वीर तेजा भवन में जाट समाज की ओर से रैयाटुण्डा के लक्ष्मण राम महला के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया ।

उत्थान नहीं हो सकता। उन्होंने जाट कीर्ति संस्थान की ओर से उद्देश्य स्मारिका का प्रकाशन करवाया। ज्ञात रहे कि 30 अगस्त 2017 को रतनगढ़ में जाट कीर्ति संस्थान के तत्वावधान में बीकानेर संभाग में शिक्षा और संघर्ष के सौ साल के इतिहास को केन्द्र बिंदु में रखकर संभाग स्तर का सफलतापूर्ण समारोह आयोजित करवाया था।

इस अवसर पर समाज जागृति के सौ साल बीकानेर संभाग में शिक्षा और संघर्ष का संक्षिप्त इतिहास शीर्षक से एक पुस्तक प्रकाशित की गई। चूरू में झुग्गियों में रहने वाले शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए शुरू की गई आपणी पाठशाला एवं दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित स्कूल का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के नियमानुसार समुचित संस्था का गठन व पंजीयन महला के सक्रिय मार्गदर्शन व सतत सहयोग से ही संभव हो सका। मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान को एक बीघा भूमि हनीफ खां कायमखानी ने स्व. महला की प्रेरणा से दी। उक्त भूमि पर भवन का शिलान्यास भी आपकी अगुवाई एवं मार्गदर्शन में 2018 को किया गया तथा भवन निर्माण हेतु आपने ही भामाशाहों को प्रेरित किया था। स्व. महला की प्रेरणा से सेवानिवृत्त पटवारी प्रेम सिंह सिहाग ने तारानगर में छात्रावास व समाज के भवन के लिए एक बीघा भूमि दान की थी। सामाजिक गतिविधियों व समाजोत्थान के कार्यों में पूरी सक्रियता से जुटे रहना और समाजोपयोगी कार्यों को दक्षता से संपादित करना महला के व्यक्तित्व की खूबी है। सामाजिक जागरूकता के कार्यों को परवान चढ़ाने के सिलसिले में आप सारे राजस्थान में घूमे। इस अवसर पर वीर तेजा भवन की भूमि समाज को समर्पित करने वाले बाबा हुणताराम की पुण्यतिथि भी मनाई गई। सभा में बाबा हुणताराम को भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर समाज को उनके द्वारा दिए गए योगदान का स्मरण किया गया। इस दौरान समाज की दोनों पुण्यात्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

इस अवसर पर विजयपाल लाम्बा, हरफूल सिंह बेरवाल, सांवर मल बुड़ानिया, किशना राम बाबल, रामरतन सिहाग सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग व महला के परिजन उपस्थित थे।

## विधायक ने की जनसुनवाई

**रतनगढ़, ( निसं )।** विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की। ग्राम गोगासर, मालासर, कांगड़, चैनपुरा के ग्रामीण रात के समय में कृषि कुओं पर विधुत सप्लाई की समस्या लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे। जिस पर विधायक ने उच्चाधिकारियों से दूरभाष से संपर्क करके सर्दी के मौसम में किसानों की समस्या से अवगत करवाते हुए दिन के समय में विधुत सप्लाई के निर्देश दिए। विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्र की शिक्षा, जिस पर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिए।

**नाम परिवर्तन**

मैं देवेन्द्र सारस्वत पुत्र श्री सतीश सारस्वत जाति ब्राह्मण उम्र 32 वर्ष निवासी ग्रामीण मार्ग के पास, हनुमान मंदिर सहजूसर तहसील व जिला चूरू (राज.) का हूं, जो कि नीचे लिखे कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम देवेन्द्र से बदलकर देवेन्द्र सारस्वत रख लिया है। भविष्य में मुझे देवेन्द्र सारस्वत (DEVENDRA SARASWAT) पुत्र सतीश सारस्वत (SATISH SARASWAT) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जावे।

शपथग्रहिता
देवेन्द्र सारस्वत